न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोधपुर (उत्तर)

पीठासीन अधिकारीः– प्रीतम कुमार (आई.ए.एस.)
राजस्व विविध प्रार्थना–पत्र संख्याः– 05/2025
जीसीएमएस नंबरः 2025/17

प्रार्थीः–

1. धन्नाराम चौधरी (राजस्व रेकर्ड में त्रुटि से अंकित नाम धोकलराम) पुत्र श्री तेजाराम जाति जाट निवासीः– पुलिस चौकी के सामने, सारण नगर, बनाड़ रोड़ जोधपुर ।

बनाम

अप्रार्थीः–

1. राजस्थान राज्य जरिये भूमिधारी तहसीलदार जोधपुर।

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम

–ःःआदेशःः– दिनांकः– 7/10/25

उपस्थितिः– 1. श्री भूराराम चौधरी अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से।
2. अप्रार्थी तहसीलदार जोधपुर ।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम गुजरावास खुर्द, पटवार हल्का, सुरपुरा, भूअ जाजीवाल तहसील व जिला जोधपुर के खसरा सं. 62, व ग्राम आंगणवा के खसरा सं. 186, 187 की भूमि प्रार्थी की खातेदारी की कृषि भूमियां है। प्रार्थी का नाम सभी दस्तावेजों में धन्नाराम पुत्र तेजाराम है जबकि कृषि भूमि के राजस्व रेकर्ड में धोकलराम पुत्र तेजाराम दर्ज है। धोकलराम नाम प्रार्थी का घरेलू नाम है। राजस्व कर्मचारियों की त्रुटिवश प्रार्थी का घरेलू नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज किया गया है। प्रार्थी के आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड जन आधार कार्ड व बैंक में भी नाम धन्नाराम अंकित है। राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम दुरूस्त किये जाने का सादर आदेश फरमावे व अन्य कोई उचित आदेश हो, प्रार्थी के हक में सादर फरमावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार जोधपुर द्वारा क्रमांक रीडर/2025/339 दिनांक 22.04.2025 को रिपोर्ट पेश करते हुए कथन किया कि खसरा सं. 186, 187 पटवार हल्का सुरपुरा की भूमियां धोकलराम पुत्र तेजाराम जाति जाट सा. देह खातेदार दर्ज है। प्रार्थी द्वारा पेश सरकारी दस्तावेजों यथा मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा रिटायर्ड सरकारी दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम धन्नाराम पुत्र तेजाराम दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, तहसीलदार जोधपुर की रिपोर्ट व पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का गहनता से अध्ययन किया गया। खसरा सं. 186, 187 पटवार हल्का सुरपुरा की भूमियां धोकलराम पुत्र तेजाराम जाति जाट सा. देह खातेदार दर्ज है। प्रार्थी द्वारा पेश सरकारी दस्तावेजों यथा मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा रिटायर्ड सरकारी दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम धन्नाराम पुत्र तेजाराम दर्ज है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम गुजरावास खुर्द पटवार हल्का जालीवाल के खसरा सं. 62 व ग्राम आंगणवा पटवार हल्का सुरपुरा के खसरा सं. 186, 187 की भूमियों के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम धोकलराम के स्थान पर धन्नाराम पुत्र श्री तेजाराम दर्ज किए जाने के आदेश तहसीलदार जोधपुर को दिए जाते हैं। तहसीलदार जोधपुर आदेश की पालना कर पालना रिपोर्ट से अवगत करावे।

प्रीतम कुमार (आई.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
जोधपुर (उत्तर)

आदेश आज दिनांक 7/10/21 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जोधपुर (उत्तर)